सिद्धांत
अनिर्वाय
जून 2010

Nestlé
Good Food, Good Life

# नेस्ले कॉर्पोरेट व्यवसाय सिद्धांत



सिद्धांत
अनिर्वाय
जून 2010

Pr

**लेखक/जारी करने वाला डिपार्टमेंट**
चेयरमैन और चीफ इग्जेक्युटिव ऑफिसर

**लक्षित वर्ग**
सभी कर्मचारी

**संबधित ग्रुप सिद्वांत/नीतियां, मानक अथवा मार्गनिर्देश**
व्यवसाय आचार संहिता,
नेस्ले प्रबंधन और नेतृत्य सिद्वांत

**भंडार**
सभी नेस्ले सिद्वांतो और नीतियाँ, मानकों और मार्गनिर्देश
को सेंटर ऑनलाइन रिपोजिटरी
http:intranet.nestle.com/nestledocs मे ढूँढा जा सकता है।

**प्रकाशन की तिथि**
जून 2010

**कॉपीराइट और गोपनीयता**
इस दस्तावेज की सामग्री को उचित अधिकार के बिना पुनः प्रकाशित नही किया जा सकता है।
सभी अधिकार, नेस्टेक लिमिटेड, 1800 वेवे, स्विट्.जरलैंड के पास है।
2010, नेस्टेक लिमिटेड

किसी शंका की स्थिति में अथवा अर्थ मे अंतर होने पर
इंग्लिश संस्करण मान्य होगा।

**डिजाइन**
Nestec Ltd., Corporate Identity & Design
Vevy, Switzerland

**पस्तुति**
अल्ताविया स्विस

**पेपर**
यह रिपोर्ट बी. वी. एस. पर प्रिंट हुई है, इस पेपर का उत्पादन अच्छे ढंग से ढंग से व्यवस्थित वनों तथा फोरेस्ट स्टुअर्डशिप काउसिंल (एफ.एस.सी.) द्वारा प्रमाणित अन्य नियंत्रित स्रोतों से किया जाता है।

myclimate
neutral
Printed Matter
No. 01-10-902282 - www.myclimate.org
© myclimate - The Climate Protection Partnership

FSC
Mixed Sources
Product group from well-managed
forests and other controlled sources
www.fsc.org cert no. SQS-COC- 100038
© 1996 forest Stewardship Council

# विषय सूची


**चेयरमैन और चीफ इग्जेक्युटिव ऑफिसर का वादा**
**स्थिरता के लिए नींव और साझी उपयोगिता का सृजन करना**
**व्यवसाय प्रचालनों के दस सिद्धांत**

**उपभोक्ता**
पोषण, स्वास्थ्य और स्वस्थता
क्वालिटी आश्वासन और उत्पाद सुरक्षा
उपभोक्ता संवाद मानव अधिकार और श्रम प्रक्रिया
हमारी व्यवसाय गतिविधियों मे मानव अधिकार हमारे लोग
नेतृत्व और व्यक्तिगत जिम्मेदारी
कार्य मे सुरक्षा और स्वास्थ्य सप्लायर और ग्राहक
सप्लायर और ग्राहक संबंध
कृषि और ग्रामीण विकास पर्यावरण
पर्यावरण स्थिरता
जल

**कॉर्पोरेट नीतियाँ के विस्तृत विवरण और लिंक्स**
अपभोक्ता
मानव अधिकार और श्रम प्रकियाएं
हमारे लोग
सप्लायर और ग्राहक
पर्यावरण
ऑडिटिंग

# नेस्ले सिद्धांत और नीतियां मानचित्र

## व्यवसाय प्रचालनों के दस सिद्धांत

| उपभोक्ता | | | मानव अधिकार और श्रम प्रकियाएं | हमारे लोग |
|---|---|---|---|---|
| **1**<br>**पोषण स्वास्थ्य और स्वास्थता** | **2**<br>**क्वालिटी आश्वासन और उत्पाद सुरक्षा** | **3**<br>**उपभोक्ता संवाद** | **4**<br>**हमारी व्यवसाय गतिविधियाँ मे मानव अधिकार** | **5**<br>**नेतृत्व और व्यक्तिगत जिम्मेदारी** |
| पोषण, स्वास्थता के संबंध मे नेस्ले सिद्धांत | नेस्ले क्वालिटी नीति<br><br>नेस्ले पोषाहार क्वालिटी नीति | नेस्ले उपभोक्ता संवाद सिद्धांत<br><br>पोषण और स्वास्थ्य दावों के संबध मे नेस्ले नीति<br><br>नेस्ले की पोषण संबंधी प्रोफाइलिंग प्रणाली<br><br>नेस्ले की पोषण संबंधी कम्पास<br><br>विश्व स्वास्थ्य संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तन दूध प्रतिस्थापक विपणन संहिता<br><br>नेस्ले गोपनीयता नीति | यू.एन. ग्लोबल कॅम्पैक्ट<br><br>आई. एल. औ. सम्मेलन 87,138,182<br><br>संयुक्त राष्ट् बाल अधिकार सम्मेलनः अनुच्छेद 32<br><br>बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए ओं.ई.सी.डी. मार्गनिर्देश 2000<br><br>बहुराष्ट्रीय उद्यमों के संबंध में आई.एल.ओ. घोषण 2006 | नेस्ले प्रबंधन और नेतृत्व सिद्धांत<br><br>नेस्ले व्यवसाय संचालन संहिता<br><br>नेस्ले मानव संसाधन नीति |

## सप्लायार और ग्राहक

### 6
**कार्य में सुरक्षा और स्वास्थ्य**

कार्य में सुरक्षा और स्वास्थ्य के संबंध में नेस्ले नीति

### 7
**सप्लायर और ग्राहक संबंध**

नेस्ले सप्लायर संहिता

### 8
**कृषि और ग्रमीण विकास**

पर्यावरणीय स्थिरता के संबंध मे नेस्ले नीति

## पर्यावरण

### 9
**पर्यावरणीय स्थिरता**

पर्यावरणीय स्थिरता के संबंध मे नेस्ले नीति

### 10
**जल**

पर्यावरणीय स्थिरता के संबंध मे नेस्ले नीति

जल के संबंध मे नेस्ले वचनबद्धताए

# चेयरमैन और चीफ इग्जेक्यटिव ऑफिसर का वादा

नेस्ले कॅर्पोरट व्यवसाय सिद्धांत हमारी कंपनी की संस्कृति, जो 140 वर्षां की अवधि मे विकसित हुई है का आधार है। जब हेनरी नेस्ले ने पहली बार अपना सफल शिशु आहार फैरीन लैक्टी विकसित किया, तब से हमने इस मूल सिद्धांत पर आगे बढाया है कि अपने शेयरधारको के लिए
लम्बी अवधी की सफलता हेतु, हमें सभी लागू होने वाली कानूनी शर्तो का पालन ही नही करना है और यह सुनिश्चित ही नही करना है कि हमारी सभी गतिविधियां सतत हों, लेकिन साथ ही हमें समाज के लिए अतयधिक उपयोगिता का सृजन करना कहते है।

यद्यपि हमारे नेस्ले कॉर्पोरेट व्यवसाय सिद्धांतो को सबसे पहले 1998 में एक समेकित दस्तावेज के रूप में प्रकाशित किया गया था, इनमें से अधिकांश को कई वर्षो। पहले अलग अलग रूप मे पहले ही निर्दिष्ट कर लिया गया था। जब कि व्यवसाय सिद्धांत स्थाई रूप से स्थापित है, इनमे
निरंतर सुधार किया जाता रहता है और इन्हें बदलते परिवेश के अनुरूप ढाला जाता है। उदाहरण के लिए, नेस्ले ने यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल कॉम्पैक्ट के सभी दस सिद्धातों को उनके प्रतिपादन के बाद समाहित कर लिया था। और उन्हे आज भी लागू किया जाता है।

यह नवीनतम संशोधन पिछले दो संस्करणो से इस बात पर भिन्न है कि व्यवसाय संचालन के दस सिद्धांत, अधिक विस्तृत सिद्धांतो, नीतियों, मानको और मार्गनिर्देशों की ओनलाइन कोपियो से विषेश रूप से जुडे है। इससे प्रत्येक सिद्धांत का वत्कव्य अधिक संक्षिप्त हो सका है। और वर्ल्ड वाइड वेब पर प्रत्येक से अधिक विस्तृत कार्यान्वयन उपाय प्रदान किये जा सके है। साथ ही पहली बार, दस्तावेज के प्रांरभ मे सिद्धांतो का मानचित्र और संबधित कंपनी उपायों का संक्षिप्त विवरण भी शामिल किया गया है।

हम एक मजबूत अनूपालन संस्कृति, जो हमारे व्यवसाय में पूणतः समाहित है, के महत्व मे विश्वास करते है। कॉर्पोरेट व्यवसाय सिद्धांत और सहायक दस्तावेज इस वादे को दर्शते हैं तथा इस तरह, नेस्ले ब्रांड मे हमारे उपभोक्ताओ और अन्य हिस्सेदारो के विश्वास की रक्षा करते है। हमारे आंतरिक नियमों मे कानून का कडाई से पालन करने की अपेक्षा ही नही की जाती है बल्कि ये हमारी क्रियाओं का मार्गदर्शन करते है, चाहे कानून अधिक लचीला क्यों न हो अथवा जहाँ कोई लागू होने योग्य कानून बिलकुल भी नही हो। नेस्ले के लिए अनूपालन को कायम रखना जाचसूचिया तैयार करने से भी बढ़कर होता है। इसमे अटल सिद्धांतों की अवश्यकता होती है जो संपूर्ण कंपनी पर लागू होते है, और हमारे लोगो को स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करते है।

नेस्ले के चेयरमैन और चीफ इग्जेक्युटिव ऑफिसर के रूप मे, हम यह सूनिशचित करने के प्रति वचनबद्ध हैं कि हमारी संपूर्ण कंपनी को इन सिद्धांतों के अनूरूप चलाया जाता है तथा इसमें विश्व भर के हमारे सभी कर्मचारियों को इनका पालन करना होगा। हम निरंतर सुधार के प्रति भी वचनबद्ध हैं तथा हमारे कॉर्पोरेट व्यवसाय सिद्धांतो के किसी भी क्षेत्र के बारे मे बाहरी सक्रियता का स्वागत करते है।



पीटर ब्रायेक–लेटमाथे,
बोर्ड के चेयरमैन



पोल बुल्के,
चीफ इग्जेक्यूटिव ऑफिसर



# स्थिरता के लिए नींव और साझी उपयोगिता का सृजन करना

चूंकि नेस्ले एक सिद्धांत–आधारित कंपनी है, नेस्ले कॉर्पोरेट व्यवसाय सिद्धांत हमारे सभी कृत्यों की नींव होते हैं। नेस्ले कॉर्पोरेट व्यवसाय सिद्धांतों का अनुपालन, और प्रत्येक सिद्धांत से संबंधित विशिष्ट नीतियां, सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य हैं और नीतियां, सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य हैं और उनको लागू करने की प्रक्रिया की निगरानी की जाती है और इनका नियमित रूप से ऑडिट किया जाता है।

जैसा की नीचे चित्र में दिखाया गया है, नेस्ले कॉर्पोरेट व्यवसाय सिद्धांत का अनुपालन, पर्यावरण की दृष्टि से स्थिर होने और साझी उपयोगिता सृजित करने के प्रति कंपनी की वचनबद्धता के लिए नींव है।

साझी उपयोगिता सृजन करना हमारे व्यवसाय संचालन का मूल तरीका है, जो कहता है कि शेयरधारकों के लिए दीर्घावधि उपयोगिता सृजित करने के लिए हमें समाज के लिए उपयोगिता का सृजन करना है। लेकिन हम शेयरधारकों और समाज के लिए पर्यावरण की दृष्टि से या तो स्थिर नहीं हो सकते हैं, अथवा साझी उपयोगिता सृजित नहीं कर सकते है, यदि हम अपने व्यवसाय सिद्धांतों का पालन नहीं करते हैं।

साथ ही, साझी उपयोगिता सृजन करना अनुपालन और स्थिरता से भी बढ़कर होता है। जो व्यवसाय दीर्घावधि की सोचता है और सही व्यवसाय सिद्धांतों का अनुसरण करता है, वह अपनी गतिविधियों के जरिए शेयरधारकों और समाज के लिए उपयोगिता का सृजन करता है, उदाहरण के लिए, कामगारों के लिए रोजगार के रूप में, जन सेवाओं हेतु धन की व्यवस्था के लिए टैक्स, और सामान्य रूप से आर्थिक गतिविधि।

लेकिन साझी उपयोगिता सृजन करना एक कदम आगे होता है। कोई भी कंपनी सजगता से फोकस किये जाने वाले क्षेत्रों का पता लगाती है, जहाँः क) शेयरधारकों और समाज के हित एक दूसरे को काफी अधिक काटते हैं, और ख) जहाँ दोनों के लिए उपयोगिता सृजन को बढ़ाया जा सकता है। इसके परिणामस्वरुप, कंपनी उन क्षेत्रों में संसाधनों का निवेष करती है, प्रतिभा और पूँजी के रुप में, जहाँ संयुक्त उपयोगिता सृजन के लिए क्षमता अत्यधिक हो, तथा समाज में संगत हिस्सेदारों के साथ सहयोगात्मक कार्यवाई का अनुरोध करती है।

नेस्ले में हमने अपनी आदर्श श्रृंखला का विशेषण किया है तथा यह निर्धारित किया है की समाज के साथ संयुक्त उपयोगिता बढाने के लिए सबसे अधिक क्षमता के क्षेत्र है पोषाहार, जल और ग्रमीण विकास। ये ग्रतिविधियाँ हमारी व्यवसाय रणनीति के लिए प्रमुख है तथा उन देशो मे लोगो के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है जहाँ हम कार्य करते है।

हम उन बाहरी हिस्सेदारों के साथ सक्रियता और सहभागिता चाहते है जो इन फोकस के क्षेत्रों में सही प्रभाव को बढाते है। फिर भी, साझी उपयोगिता का सृजन करना परोपकारिता के बारे मे नही है। यह उन देशों मे लोगो के सयुंक्त लाभ के लिए प्रमुख गतिविधियाँ और सहभागिताओ को उपयोग का साधन बनाने के बारे में है जहाँ हम कार्य करते है।

ऐसा करके नेस्ले, व्यवसाय विकास के संबंध मे बहुत ही दीर्घावधि आपेक्षित महत्व बनाए रखता है तथा उन बाहरी हिस्सेदारी के साथ वार्तालाप का स्वागत करता है जो सैद्धांतिक आचरण और रचनात्मक संलग्गनता के विनियामक प्राधिकरण, अन्तः सरकारी संगठन, गैर–सरकारी एवं स्थानीय समुदाय शामिल है।



# व्यवसाय प्रचालनों के दस सिद्धांत

## उपभोक्ता

### 1
### पोषण, स्वास्थ्य और स्वस्थ्रता

हमारा मूख्य उदेश्य, अधिक स्वादिष्ट एवं स्वस्थ खद्य और पेय विकल्प प्रदान करके तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करके हर दिन, हर जगह उपभोक्ताओ का जीवन स्तर बढाना है। हम इसे अपने कॉर्पोरेट कथनः अच्छा आहार, अच्छा जीवन के जरिए व्यक्त करते है।

### 2
### क्वालिटी आश्वासन और उत्पाद सुरक्षा

विश्व मे हर जगह, नेस्ले का नाम उपभोक्ता को यह वादा दर्शाता है कि उत्साह सूरक्षित और उच्च स्तर का है।

### 3
### उपभोक्ता संवाद

हम उस जिम्मेदार, विश्वसनीय उपभोक्ता संवाद के प्रति वचनबद्ध है जो अपभोक्ता को सुविज चयन करने के लिए अपने अधिकार का प्रयोग करने की शक्ति देता है तथा अधिक स्वस्थ आहार को बढावा देता है। हम उपभोक्ता की गोपनीयता का सम्मान करते है।

## मानव अधिकार और श्रम प्रकियायएं

### 4
### हमारी व्यावसायिक गतिविधियों मे मानव अधिकार

हम मानव अधिकारों और श्रम के संबंध मे युनाइटेड नेशंस ग्लोबल कॉम्पैक्ट (यू.एन.जी.सी.) के मार्गदशक सिद्धांतो का पूर्ण समर्थन करते है तथा हमारा लक्ष्य, अपनी सम्पूर्ण व्यवसाय गतिविधियों मे अच्छे मानव अधिकारों और श्रम कार्यप्रणालियों का उदाहरण प्रस्तुत करना है।

## हमारे लोग

### 5
### नेतृत्व और व्यक्तिगत जिम्मेदारी

हमारी सफलता हमारे लोगों पर आधारित है। हम एक दूसरे से सम्मान और मर्यादा के साथ व्यवहार करते हैं तथा प्रत्येक से व्यक्तिगत जिम्मेदारी की भावना को बढावा देने की अपेक्षा करते हैं। हम उन सक्षम और प्रेरित लोगों को भर्ती करते हैं जो हमारे आदर्शों का समान अवसर प्रदान करते हैं, उनके विकास और प्रगति के लिए समान अवसर प्रदान करते हैं, उनकी गोपनीयता की रक्षा करते हैं और किसी प्रकार का उत्पीड़न अथवा भेदभाव सहन नहीं करते हैं।

### 6
### कार्य में सुरक्षा और स्वास्थ्य

हम कार्य से संबंधित दुर्घटनाओं, चोटों और बीमारी को रोकने, तथा कर्मचारियों, ठेकेदारों, और आदर्ष श्रृंखला से जुड़े अन्य लोगों की रक्षा करने के प्रति वचनबद्ध हैं।

## सप्लायर और ग्राहक

### 7
### सप्लायर और ग्राहक संबंध

हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे सप्लायर, एजेंट, उप–ठेकेदार और उनके कर्मचारी ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता दिखाएँ, तथा हमारे अनिवार्य मानकों का पालन करें। इसी तरह, हम अपने ग्राहकों के प्रति भी वचनबद्ध हैं।

### 8
### कृषि और ग्रामीण विकास

हम कृषि उत्पादन बढ़ाने, किसानों, ग्रामीण समुदायों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति सुधारने तथा उत्पादन प्रणालियों में सुधारने तथा उत्पादन प्रणालियों में सुधार लाने में योगदान करते हैं ताकि उन्हें पर्यावरण की दृष्टि से अधिक टिकाऊ बनाए जा सके।

## पर्यावरण

### 9
### पर्यावरणीय स्थिरता

हम पर्यावरण की दृष्टि से स्थिर व्यवसाय कार्यप्रणालियों के प्रति वचनबद्ध हैं। उत्पाद जीवन चक्र के सभी चरणों में, हम प्राकृतिक संसाधनों को कुशलता से प्रयोग करने, नियमित रुप से प्रबंधित नवीकरणीय संसाधनों के प्रयोग को बढावा देने तथा शून्य अपशिष्ट का लक्ष्य रखने के लिए संघर्षरत है।

### 10
### जल

हम जल के स्थिर प्रयोग और जल प्रबंधन में निरंतर सुधार के प्रति वचनबद्ध है। कि विश्व पानी की बढती चुनौती का सामना कर रहा है तथा सभी जल प्रयोगताओं द्वारा विश्व के संसाधनो का जिम्मेदारी से प्रबंधन एक अनिर्वायता है।

# कॉर्पोरेट नीतियों के विस्तृत विवरण और लिंक्स

## उपभोक्ता

### 1

### पोषण, स्वास्थय और स्वथता

हमारा मुख्य उदेश्य, अधिक स्वादिष्ट एवं स्वस्थ खाद्य और पेय विकल्प प्रदान करके तथा स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करके हर दिन, हर जगह उपभोक्ताओ का जीवन स्तर बढाना है। हम इसे अपने कॉर्पोरेट कथनः अच्छा आहार, अच्छा जीवन के जरिए व्यक्त करते है।

पोषाहार, स्वास्थय और स्वस्थता के प्रति अपने वचनद्धिता द्वारा प्रेरित, हम अपने उत्पादों की पोषण संबंधी उपयोगिता को बढाने के लिए कार्य करने के साथ–साथ स्वाद और आनंद भी बढाते है। हम ऐसा ब्रांड संवाद और जानकारी विकसित करते हैं जो अपभोक्ताओं को अपने आहार के बारे में सुविज्ञ निर्णय करने के लिए प्रोत्साहित और शक्ति संपन्न करती है।

कृप्या देखियेः www.nestle.com/policies पर पोषाहार, स्वासथ्य और स्वस्थता के संबंध मे नेस्ले सिद्धांत

### 2

### क्वालिटी आश्वासन और उत्पाद सूरक्षा

विश्व मे हर जगह, नेस्ले का नाम उपभोक्ता को यह वादा दर्शाता है कि उत्पाद सुरक्षित और उच्च स्तर का है।

हमारा वादा है की हम किसी उत्पाद की सुरक्षा के संबंध में कभी भी समझैता नहीं करेंगे। हमारी क्वालिटी नीति, उत्कृष्टता की हमारी प्रबल रुचि की अनिवार्य बातों को संक्षेप में बताती है

- उपभोक्ता की अपेक्षा और पसंद के अनुरुप अत्पाद एवं सेवाएँ प्रदान करके विश्वास बढाना
- आंतरिक और बाहरी खाद्य सुरक्षा, विनियामक एवं क्वालिटी शर्तो का पालन करना।

क्वालिटी हर व्यक्ति की प्रतिबद्धता है। हम क्वालिटी में निरंतर सुधार करने और उच्चतम स्तर की क्वालिटी प्राप्त करने के लिए स्वयं को नियमित रुप से चुनौती देते है। हम जिन देशों मे कार्य करते हैं, उन सभी में समान उच्च खाद्य सुरक्षा मानक बनाये रखते है। हम अपनी क्वालिटी प्रबंधन प्रणाली के जरिए उच्च क्वालिटी उत्पादों की डिलीतरी सुनिश्चित करते है। कृप्या देखियेः www.nestle.com/policies पर नेस्ले क्वालिटी नीति

### 3

### उपभोक्ता संवाद

हम उस जिम्मेदार, विश्वसनीय उपभोक्ता संवाद के प्रति वचनबद्ध हैं जो उपभोक्ताओं को सुविज्ञ चयन करने के लिए अपने अधिकार का प्रयोग करने की शक्ति देता है तथा अधिक स्वसथ आहार को बढावा देता है। हम उपभोक्ता की गोपनीयता का सम्मान करते है।

हमारी प्रमुख व्यवसाय रणनीति इस तथ्य पर आधारित है की उपभोक्ताओं को संतुलित, अधिक आहार प्राप्त करने में मदद की जाए। नेस्ले उपभोक्ता संवाद सिद्धांत में, सभी उपभोक्ताओं के लिए विपणन संवाद के संबंध में अनिवार्य नियम हैं जिनमें इस तरह से खाद्य पदार्थो का सही वर्णन और चित्रण शामिल है जिससे आवश्यकता से अतिरिक्त, बचचों के लिए हमारे संवाद को विशेष सिद्धांत निर्देशित करते है, जिसमें 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए कोई विज्ञापन अथवा विपणन गतिविधि शामिल नही है। 6 से 12 वर्ष तक के बचचें के विज्ञापन उन उतपादों तक सीमित है जो पहले से निर्धारित पोषण संबधी प्रोफाइलिंग मानदंडो को पूरा करते है, इनमें शातिल है, ऊर्जा तथा स्वास्थ्य – सेवेदनशील तत्वों अैसे चीनी, नमक, सैचुरेटेड फैट और ट्रांस फैट्टी एसिड्स के संबंध में स्पाष्ट सीमांए। हमारे बाल संवाद सिद्धांतों का उद्देश्य विशेष रुप से बच्चों की रक्षा करना है, यह सनिचित करके कि विज्ञापन गमराह करने वाला न हो, यह माता –पिता के अधिकार को कम न आंके अथवा सफलता की काल्पनिक ओक्षांए र्पदा न करे, अतिआवश्यकता की भावना पैदा न करें अथवा कम मूल्य की भावना के प्रति इशारा न करे।

पोषण और व्यास्थय दावों के संबंध मे नेस्ले नीति, वैज्ञानिक तौर पर समर्थनयोग्य स्वासथ्य दावों से संबंधित हमारी कार्यवाइयों को अभीष्ट दिशा मे ले चलती है। कृप्या देखिए : www.nestle.com/policies पर पोष्ण और स्वासथ्य दावों के संबंध मे नेस्ले नीति तथा नेस्ले पोषण संबंधी प्रोफइलिंग प्रणाली

## मानव अधिकार और श्रम प्रकियाएं

## शिशु आहारों का विपणन

हम शिशुओं के लिए जीवन में सर्वोत्तम शुरुआत प्राप्त करने के लिए सबसे अधिक उपयुक्त आहार का समर्थन करने के प्रति बचनबद्ध है। इसका अर्थ यह है कि हम सभी अन्य आहार विकल्पो की तुलना में स्तनपान की सलाह देते है जिनको स्तनपान का विकल्प चाहिए, उनके लिए हमारा उद्देश्य है कि उन्हे ऐसे फोर्मूला उत्पाद उपलब्ध कराये जाएं जो खतरनाक और अनुचित स्तन दूध विकल्पों के बजाय शिशु स्वासथ्य के लिए अंतराष्ट्रिष्य मानकों को पूरा करते है, जैसे होल मिल्क। हमारा लक्ष्य ऐसे सीरियल्स, बेबी फूडस और दूध उपलब्ध कराना है, जो शिशुओं को अक्सर दिए जाने वउले कम पोषण महत्व के अनुपूरक खाद्य पादार्थो के बदले अनकी अधिकतम वृद्धि एंव विकास में सहायक होते है।

हमारे शिशु आहार विपणन को, विश्व स्वासथ्य संगठन (WHO) के अंतराष्ट्रिय स्तन – दूध विकल्प विपणन संहिता, जिसे डब्लू. एच. ओ. के प्रत्येक सदस्य द्वारा कर्न्यान्वित किया जाता है, के अनुसार संचालित किया जाता है। साथ ही, विकासशील देशों में, हम स्वोच्छा से डब्लू. एच. ओ. कोड को लागू करते हैं, चाहे सरकार न ऐसा किया हो अथवा नही। हम अपनी कार्य – प्रणालियों की निगरानी करते है ताकि दन मानकों का अनुपालन सुनिचित हो सके, चाहे सरकार का निगरानी तंत्र विद्यमान हो या न हौ
मान्यताप्राप्त सामाजिक ऑुडिटिंग कम्पनियां, नेस्ले द्वारा डब्लू. एच. ओ. संहिता का पालन किये जाने की नियमित आधार पर स्वतंत्र निगरानी करती हैं तथा ये रिर्पोट सार्वजनिक रुप से उपलब्ध होती है। कृप्या देखिए : www.nestle.com/policies.

# 4

## हमारी व्यावसायिक गतिविधियों में मानव अधिकार

हम मानव अधिकारों और श्रम के संबंध मे चुनाइटेड नेशंस ग्लोबल कॉम्पैक्ट (यू.एन.जी.सी.) के मार्गदर्शक सिद्धांतों का पूर्ण समर्थन करते है तथा हमारा लक्ष्य, अपनी सम्पूर्ण व्यवसाय गतिविधियाँ मे अच्छे मानव अधिकारों और श्रम कार्यप्रणलियाँ का उदाहरण प्रस्तुत करना है।

**हम**

- अपने प्रभाव श्रेत्र के भीतर अंतराष्ट्रिय मानव अधिकारों की रक्षा का समर्थन और सम्मान करते है (यू.एन.जी.सी. सिद्धांत 1)
- यह सुनिश्चित करते हैं कि हम मानव अधिकारों के दुरुपयोग मे भागीदार नही होंगे (यू.एन.जी.सी. सिद्धांत 2)
- बच्चों के हर प्रकारके पोषणके विरुद्ध है:
- गोपनीयता को मानव अधिकार के रुप मे मानते है:
- अपनी प्रत्येक कंपनी से मानव अधिकार व्यवहारों से संबंधित स्थानीय कानूनों और विनियमों का सम्मान और पालन किये जाने की आशा करते है। जहाँ हमारे अपने सिद्धांत और विनियम स्थानीय विनियम से अधिक सख्त है वहां उच्चतर मानक लागू होते है
- कंपनियों कि मानव अधिकारों का सम्मान करने की जिम्मेदारी को मानते हैं इस तथ्य के बावजूद कि सरकारे अपने क्षेत्रों के अंतर्गत मानव अधिकारों की रक्षा करने के लिए कानूनी ढांचा स्थापित करने हेतु अंततः जिम्मेदार होती है,

**हम निम्न का समर्थन करते है**

- मेल जोल की स्वतंत्रता तथा सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार को प्रभावी मान्यता देना। (यू.एन.जी.सी. सिद्धांत 3)
- सभी प्रकार के बलपूर्वक एवं अनिवार्य श्रम को समाप्त करना(यू.एन.जी.सी. सिद्धांत 4)
- बाल श्रम को प्रभवी रुप से समाप्त करना (यू.एन.जी. सी. सिद्धांत 5)
- रोजगार ग्रहण करने के संबंध मे भंदभाव को मिटाना (यू.एन.जी.सी. सिद्धांत 6)
  हम अंतराष्ट्रिष्य श्रम संगठन (आई.एल.ओ.) के आठ मौलिक समझौतों का पालन करते है, विशेष रुप से समझौता 87, मेलजोल की स्वतंत्रता और संगठित होने के अधिकार की रक्षा (1948), तथा समझौता 138, रोजगार के लिए न्यूनतम आयु, और समझौता 182, बाल श्रम के निकृष्टतम रुप जो संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौते (अनुच्छेद 32) पर आधरित है। साथ ही, हम मार्च 2006 की बहुराष्ट्रिय उद्यमों के लिए ओ.ई.सी.डी. मार्गनिर्देशो का पालन भी करते है।

## हमारे लोग

### 5
### नेतृत्व और व्यक्तिव जिम्मेदारी

हमारी सफलता हमारे लोगो पर आधारित है। हम एक दूसरे से सम्मान और मर्यादा के साथ व्यवहार करते है तथा प्रत्येक से व्यक्तिगत जिम्मेदारी की भावना को बढावा देने की अपेक्षा करते है। हम उन सक्ष्म और प्रेरित लोगों को भर्ती करते हैं जो हमारे आदर्शो का सम्मान करते हैं उनके विकास और प्रगति के लिए समान अवसर प्रदान करते है, उनकी गोपनीयता की रक्षा करते हैं और किसी प्रकार का उत्पीडन अथवा भेदभाव सहन नही करते है।

**नेस्ले प्रबंधन और नेतृत्व सिद्धांत**
हमारे प्रबंधन और नेतृत्ब सिद्धांत उस संस्कृति और मूल आदर्शे को दर्शते है जिनहें बनाए रखने की अपेक्षा हम अपने कर्मचारियों से करते हैं, तथा उन विशेषताओं को भी दर्शते है जिनकी आवश्यकता प्रबंधन और नेतृत्व मे सफल होने के लिए पडती है। कृप्या देखिए : www.nestle.com/policies. पर नेस्ले प्रबंधन और नेतृत्व सिद्धांत।

**नेस्ले व्यवसाय व्यवहार संहिता**
हमारी व्यवसाय व्यवहार संहिता, कर्मचारी व्यवहार के प्रमुख क्षेत्रों मे कुछ विशेष न्यूनतम मानकों को दर्शाती हैं जिनमे शामिल हैः कानूनों का पालन, हितों के टकराव, एंटी–ट्रस्ट और उचित व्यवहार, रिश्वत, भ्रष्टाचार (यू.एन. जी.सी.) सिद्धांत 10), भेदभाव और उत्पीडन, और सत्यनिष्ठा। हम स्वतंत्र प्रतियोगिता के महत्व में विश्वास करते हैं तथा हम सभी स्थितियों मे ईमानदारी के साथ कार्य करने के प्रति वचनबद्ध है। कृप्या देखिए www.nestle.com/policies.पर नेस्ले व्यवसाय व्यवहार संहिता।
हमारी मानव संसाधन नीति, परस्पर आदर, एक दूसरे के संबंध मे विश्वास और पारदर्शिता जैसे व्यवहार दर्शाती है तथा खुले संवाद एवं सहयोग को प्रोत्साहन देती है। हम यह भी मानते हैं कि हमारी दिर्घाविधि सफलता, सही और सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों को आकर्षित, विकसित करने, उनकी रक्षा करने और उन्हें धारण किए रखने की हमारी क्षमता पर निर्भर करती है।
हम कर्मचारियों के अधिकारों से संबंधित अंतराष्ट्रिय समझौतों का सम्मान करते है, मूल राष्ट्रियता, धर्म, जाति, लिंग, आयु अथवा लैंगिक झुकाव जैसे कारणों से भेदभव को सहन नही करते है अथवा उपरोक्त में से किसी के आधर पर या किसी अन्य कारण से किसी भी तरह के मौखिक अथवा भौतिक उत्पीडन मे संमलित नही होते है। हम अपने कर्मचारियों के मेज–जोल की स्वतंत्रता तथा यूनियनो या अन्य प्रकार की एसोसिएशनों के जरिए सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार की प्रभावी स्वीकृति (यू. एन.जी.सी. सिद्धांत 3) का समर्थन करते है। हम अपने कर्मचारियों की गोपनीयता का सम्मान करते है।

### 6
### कार्य में सुरक्षा और स्वासथ्य

हम कार्य से संबंधित दुर्घटनाओं, चोटों और बीमारी को रोकने, तथा कर्मचारियों, ठेकेदारों, और आदर्ध श्रृंखला से जुडे अन्य लोगों के रक्षा करने के प्रति वचनबद्ध है।

हमारी कार्य मे सुरक्षा और स्वासथ्य संबंधी नीति सुरक्षा को हमारी संस्कृति मे गैर–समझौते योग्य प्राथमिकता के रुप में निर्धारित करती है। हम मानते है और अपेक्षा करते है कि प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षित एवं स्वसथ परिवेश प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाएगा, और उच्च मानदंड निर्धारित करके हमारी व्यवसाय गतिविबधयों से संबंधित या इनके द्वारा प्रभावित कर्मचारियों, ठेकेदारों और अन्य लोगों मे सुरक्षा और स्वासथ्य की जागरूकता एवं ज्ञान बढाएगा।

हम एक सुरक्षित और स्वसथ्य कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए नेस्ले व्यावसायिक सुरक्षा और स्वासथ्य प्रबंधन प्रणाली के जरिए अपने कार्य–प्रदर्शन की निगरानी करेंगे। कृप्या देखिए : www.nestle.com/policies. पर नेस्ले सुरक्षा और स्वासथ्य नीति।

## सप्लायर और ग्राहक

# 7

### सप्लायर और ग्राहक संबंध

हम अपेक्षा करते है कि हमारे सप्लायर, एजेंट, उप–ठेकेदार और उनके कर्मचारी ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और निष्पाक्षता दिखाए, तथा हमारे अनिवार्य मानकों का पालन करें। इसी तरह, हम अपने ग्रहकों के प्रति भी वचनबद्ध है।

नेस्ले सप्लायर कोड न्यूनतम मानकों को दर्शाता है, जिनका सम्मान और पालन करने के लिए हम अपने सप्लायरों, एजेंटों, उप–ठेकेदारों एवं उनके कर्मचारियों को कहते है। सप्लायर कोड मे व्यवासाय ईमानदारी, स्थाई संचालन और कृषि प्रकियाएं, जैसी आवश्यकताएं शामिल है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि सप्लायर कोड को अमल में लाया जाता है, हमें यिमित आधार पर सप्लायरों द्वारा कोड के अनुपालन की जाँच करने का अधिकार है।
कृप्या देखिए : www.nestle.com/policies. पर नेस्ले सप्लायर कोड

# 8

### कृषि और ग्रामीण विकास

हम कृषि उत्पादन बढाने, किसानों, ग्रामीण समुदायों की सामाजिक और आर्थिक सिथित सुधारने तथा उत्पादन प्रणालियों में सुधार लाने में योगदान करते है। ताकि उन्हें पर्यावरण की द्वष्टि से अधिक टिकाऊ बनाए जा सके।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारी फैक्टरियां एवं सुरक्षा मानकों पर अपरिष्कृत सामग्री प्राप्त करें

- हम ऐसी स्थाई कृषि प्रकियाओं और प्रणलियों और प्रणलियों को विकसित करने में सक्रिय होते है जो दीर्घाविधि उत्पादन क्षमता, किसानों के लिए अर्थक्षम आय और सप्लायारों को कृषि जानकारी देने में सहायक होती हैः
- हम जैव–विज्ञान द्वारा उपलब्ध अवसरों सहित नई अेक्नोलोजियों के प्रयोग तथा कृषि विज्ञान में प्रगति का समर्थन करते है, जब खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण, कृषि प्रणालियों और उत्पादन क्षमता पर उनके सकारात्मक प्रभाव की विज्ञान की द्वष्टि से पुष्टि की जाती है और उपभोक्ताओं द्वारा इन्हें स्वीकार किया जाता है।

  सस्टेनेबल एग्रीकल्चर इनिशिएटिव नेस्ले (एस.ए.आई.एन.) कृषि कार्य पद्धतियाँ, ग्रामीण विकास, विकास, सोर्सिंग प्रक्रियाओं और उन कार्य–प्रक्रियाओं, जो लंबी अवधि मे टिकाऊ होते है, में सहायता करने के लिए कृषि प्रणालियाँ मे हमारी सक्रियता को निर्देशित करता है। कृप्या देखिए : www.nestle.com/policies. पर पर्यावरणीय स्थायित्व के संबंध में नेस्ले नीति।

## पर्यावरण

### 9

### पर्यावरणीय स्थिरता

हम पर्यावरण की द्वष्टि से स्थिर व्यवसाय कार्यप्रणलियाँ के प्रति वचनबद्ध है। उत्पाद जीवन चक्र के सभी चरणों मे, हम प्राकृतिक संसाधनों को कुशलता से प्रयोग करने, नियमित रूप से प्रबंधित नवीकरणीय संसाधनों के प्रयोग को बढावा देने तथा शून्य अपशिष्ट का लक्ष्य रखने के लिए संघर्षरत है।

हम अपने पर्यावरणीय प्रदर्शन को सुधारने के लिए निरंतर निवेश करते है। पर्यावरणीय स्थायित्व के संबंध मे नेस्ले नीति, यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल कॉम्पैक्ट के पर्यावरण संबंधी तीन मार्गदर्शक सिद्धांतो को समाहित करती है (सिद्धांत 7,8,और 9)।

हम अपने उत्पादों और गतिविधियों के पर्यावरणीय भाव को न्यूनतम करने के लिए कृषि से उपभोक्ता तक अपने पार्टनरों को शामिल करके उत्पाद जीवन चक्र द्वष्टिकोण अपनाते है। हमारे चार प्राथमिकता क्षैत्र है जल, कृषि संबंधी आरिष्कृत सामग्री, हमारे उत्पादों का उत्पादन और वितरण, और पैकेजिंग। हम नेस्ले पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणाली के जरिए अपनी नीति को लागू करते है।

हमारा मानना है कि पर्यावरणीय प्रदर्शन एक साझी जिम्मेदारी है तथा इसमें समाज के सभी वर्गो का सहयोग चाहिए होता है। हम अपने प्रभाव क्षेत्र के भीतर नेतृत्व प्रदान करना जारी रखने के प्रति कृतसंकल्प है। कृप्या देखिए : www.nestle.com/policies. पर पर्यावरणीय स्थायित्व के संबंध में नेस्ले नीति।

### 10

### जल

हम जल के स्थिर प्रयोग और जल प्रबंधन में निरंतर सुधार के प्रति वचनबद्ध है। हम मानते है कि विश्व पानी की बढती चुनौती का सामना कर रहा है तथा सभी जल प्रयोगताओं द्वारा विश्व के संसाधनो का जिम्मेदारी से प्रबंधन एक अनिर्वायता है।

जल, नेस्ले के लिए फोकस का एक विशष क्षेत्र है। नेस्ले जल प्रतिबद्धताएं, जिम्मेदारी से जल के उपयोग के संबंध में हमारी प्राथमिकताएं और उद्देश्य निर्धारित करती है। ये है अपने प्रचालनों मे प्रयुक्त जल की मात्रा को कम करने के लिए अपने प्रयास जारी रखना, यह सुनिश्चित करना कि हम जो जल पर्यावरण में प्रवाहित करते हैं वह स्वच्छ हो, जल संरक्षण को बढावा देने के लिए सप्लायरों के साथ मिलकर कार्य करना, विशेष रूप से किसानों में, और जल संरक्षण एवं सुलभता के संबंध मे अन्य लोगों तक पहुंचना। नेस्ले, यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल कॉम्पैक्ट सी.ई.ओ. वाटर मैनडेट का संस्थापक हसक्षरकर्ता है।

हम, नेस्ले पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणाली के अनूरूप अपने जल संसाधन प्रबंधन विशेषज्ञों के जरिए तथा अपनी फैक्टरियाँ मे, अपने पर्यावरणीय विशेषज्ञों के साथ जल उपयोग कुशलता की निगरानी करतें है और इसमें सुधार करते है।

हम सभी लोगों की मूल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्वच्छ जल तक उनकी पहुँच के अधिकार को मानते है।

कृप्या देखिए : www.nestle.com/policies. पर प्रत्येक बूँद महत्वपूर्ण होती है।

# ऑडिटिंग

नेस्ले कॉर्पोरेट व्यवसाय सिद्धांत सभी नेस्ले मैनेजरों और कर्मचारियों के लिए अनिवार्य वक्तिव है और ये व्यवसाय नियोजन, ऑडिटिंग तथा प्रदर्शन सभीक्षाओं मे समाहित होते है

कॉर्पोरेट व्यवसाय सिद्धांत विशिष्ट नीतियों और संदर्भ कोड से जुडे होते है, जहाँ अनुपालन प्रकियाओं को निर्दिष्ट किया गया है। समुचित संपर्को और संदर्भ नीतियों के लिए, नेस्ले सिद्धांत और नीतियां मानचित्र देखिए (आगे के अवरण के अंदर)

नेस्ले के कॉर्पोरेट व्यवसाय सिद्धांतो के संबंध मे इसके अनुपालन की समीक्षा ऑडिट संबंधी उन स्पष्ट अनुदेशों के आधार पर इसके आंतरिक ऑडिटरों द्वारा नियमित रूप से की जाती है, जिन्हें नेस्ले एस.ए. इंटरनेट पर परामर्श के लिए सभी कर्मचारियों हेतु प्रकाशित किया जाता है। मानव संसाधन, सुरक्षा, स्वास्थय, पर्यावरण और व्यवसाय ईमानदारी के संबंध में अनुपालन का आंकलन हमारे सी.ए.आर.ई प्रोग्राम के जरिए किया जाता है, जो एक स्वतंत्र बाहरी ऑडिट नेटर्वक पर निर्भर रहता है। साझी उपयोगिता का सृजन करने के संबंध मे हमारी रिपोर्टो का ऑडिट, शुद्वता और पुष्टिकरण के लिए स्वंतत्र बाहरी ऑडिटरों द्वारा किया जाता है। हमारे बाहरी ऑडिटर KPMG नेस्ले की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की सहमति प्राप्त करते समय, इस बात पर विचार करते है कि कॉर्पोरेट व्यवसाय सिद्धांत किस तरह ग्रुप के समग्र कॉर्पोरेट संचालन ढांचे मे फिट हो जाती है।

निष्कर्षो और सिफारिशों की रिपोर्ट, बोर्ड ऑडिट कमिटी के जरिए नेस्ले एस.ए निदेशक बोर्ड को की जाती है।

